नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

ज्ञान शांति मैत्री

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

वृक्षारोपण कर मनाया कर्मियों का जन्म दिवस

राष्ट्रीय सेवा योजना की पहल पर हुई नई शुरूआत

वर्धा, 10 जून 2016: कर्मियों के जन्म दिवस पर वृक्षारोपण कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण तथा संवर्धन से

जोड़ने की नई पहल की शुरूआत महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना

इकाई की ओर से की गयी है। इसका प्रारंभ शुक्रवार को प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा एवं कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र की उपस्थिति में किया गया। विदित हो कि राष्ट्रीय सेवा योजना की सलाहकार समिति की

हाल ही में हुई बैठक में विवि में कार्यरत कर्मियों के जन्म दिवस पर पौधे लगाने का प्रस्ताव किया गया था

जिसे सभी ने स्वीकार करते हुए इस प्रकार की पहल की प्रशंसा की थी। इसकी औपचारिक शुरूआत शुक्रवार को की गयी। विवि में कार्यरत जनसंचार विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. धरवेश कठेरिया, अनुभाग अधिकारी ब्रिजेश पाटिल, सहायक रामप्रसाद कुमरे तथा दूरशिक्षा निदेशालय में कार्यरत राधा ठाकरे के जन्म दिवस पर भाषा विद्यापीठ के परिसर में पिपल, बरगद, करंजी, नीम तथा सिसम आदि प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। इन कर्मियों को कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने अपनी ओर से शुभकामनाएं दी। इस अभियान में डॉ. अशोक नाथ त्रिपाठी, बी. एस. मिरगे, राजेश यादव, विनोद वैद्य, डॉ. संजय कुमार तिवारी, डॉ. सुशील त्रिपाठी, महेंद्र प्रसाद, मेघा आचार्य, कुनाल वैद्य, अरूण कोटगिलवार, मनोहर रस्से, अजय प्रताप सिंह, विक्रांत राय, अश्विन श्रीवास, अशोक कुमार, गोकुल, श्रीकांत जामुनकर, सुरक्षा कर्मी संजय रघाटाटे, नामदेव जाधव, पंकज नरड आदि शमिल हुए